कश्मीर घाटी में भाड़े के विदेशी सैनिक

233. श्री राज बेंडवालाः क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान दिनांक 29 जून, 1994 के टाइम्स आफ इंडिया में "पाक, अरब बेकिंग इन्यूज जे0 एण्ड के0 मिलीटेन्सी–यू0एस0 रपोर्ट" शीर्षक से प्रकाशित समाचार की ओर दिलाया गया है;

(ख) यदि हां, तो क्या यह सच है कि पाकिस्तान तथा अन्य देशों के आतंकवादी संगठन जम्मू और कश्मीर राज्यों में उग्रवादियों को प्रोत्साहित करने में सक्रिय हो गये हैं ;

(ग) यदि हां, तो वे संगठन कौन-कौन से हैं और वे इस संबंध किन्हीं देश प्रमुख रूप से कार्यरत हैं; और

(घ) सरकार ने जून, 1994 तक जम्मू और कश्मीर राज्य में इन संगठनों से संबंधित कितने उग्रवादी पकड़े हैं ?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री राजेश पायलट) : (क) जी हां, श्रीमान्। 29 जून, 1994 'टाइम्स आफ इण्डिया' में प्रकाशित समाचार की जानकारी सरकार को है ।

(ख) और (ग) पाकिस्तान ने जम्मू एवं कश्मीर राज्य में आतंकवादी गतिविधियों को सहायता एवं समर्थन देना जारी रखा हुआ है। पाकिस्तानी राष्ट्रिक और अफगानिस्तान, सूडान, लेबनान, मिश्र, बहरीन आदि जैसे कुछ अन्य देशों से भाड़े के सैनिकों की घुसपैठ भी पाकिस्तानी आई एवं आई की शह पर राज्य में कराई गई है । जम्मू एवं कश्मीर में उग्रवादियों को तथाकथित रूप से समर्थन देने वाले कुछ गिरोहों में हिज्ब-ए-इस्लामी (हिकमतयार), हरकत-ल-अंसार, हरकत-उलजेहाद इस्लामी, हिज्ब-एल्बहादात सभी अफगानिस्तान में स्थित), इख्वान-उलह मुसलमीन (सूडान स्थित), लजनतबअल दआवा अल इस्लामिया (कुवैत स्थित), अल-गामा अल इस्लामिया (मिश्र स्थित) शामिल हैं ।

(घ) जून, 1994 तक लगभग 200 विदेशी उग्रवादी पकड़े/मारे गए हैं ।

झांसी की रानी के ध्वज की चोरी

234. श्री दिग्विजय सिंहः
श्री सत्य प्रकाश मालवीय :

क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या यह सच है कि झांसी की रानी लक्ष्मीबाई के ध्वज के चोरी होने और उसे भारत से बाहर पहुंचाने के मामले को दबाया जा रहा है ;

(ख) यदि हां, तो यह ध्वज कब, कैसे और कहां से चोरी हुआ था और क्या इसके जांच का काम किसी खुफिया एजेंसी को सौंपा गया था ;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और क्या उक्त खुफिया एजेंसी ने कोई प्रतिवेदन सरकार को प्रस्तुत किया है ;

(घ) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसकी जांच करने वाली खुफिया एजेंसी की विश्वसनीयता के बारे में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ; और

(ङ) उक्त ध्वज की चोरी का पर्दाफाश करने और उसे भारत वापस लाने के कार्य को करने वाली खुफिया एजेंसी के कार्यकरण और उसकी कार्यकुशलता को सुव्यवस्थित और सुदृढ़ करने के लिये सरकार द्वारा कौन-कौन से कारगर कदम उठाने पर विचार किया जा रहा है और उक्त कदम कब तक उठाये जायेंगे ?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी०एम० सईद) :

(क) जी नहीं, श्रीमान ।